27- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/28/2025 12:09 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 26.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




सिंचाई विभाग कालोनी के सामने पाइप लाइन फूटा। सुधार कार्य करते नगर निगम के कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम की महाआरती आज



**बिलासपुर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस 28 अप्रैल सोमवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी में श्री परशुराम के भव्य प्रतिमा की महाआरती, पूजन एवं प्रसाद वितरण होगा। पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि सुबह 11 भगवान की महाआरती,पूजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### जिला पंचायत की बैठक 2 मई को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 2 मई को होगी। इस दिन सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा की जाएगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं जल संसाधन विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# झमाझम बारिश से ठंडा हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के प्रभाव से शहर में रविवार की देर शाम जमकर बारिश हुई। पूरे दिन गर्मी से हलाकान शहरवासियों को बारिश से अच्छी राहत मिली। इससे पहले शाम पांच बजे के बाद शहर में चली तेज हवाओं से पहले ही मौसम में कुछ ठंडक महसूस होने लगी थी। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश का मौसम अभी कुछ दिनों तक यथावत रह सकता है।

लगातार बढ़ते अधिकतम तापमान से हलाकान हो चुके शहरवासियों को रविवार को गर्मी से कुछ निजात मिली। पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर से आसमान में छाए बादलों ने रविवार को अच्छी बारिश की। तेज हवाओं के साथ बारिश इतनी तेज थी कि सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को मुख्य मार्ग की दुकान व मकानों में शरण लेनी पड़ी। हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं हुई लेकिन आधे घंटे की बारिश ने भी पूरे शहर को राहत दे दी।

दिन भर की गर्मी से हलाकान शहरवासियों को मिली राहत



### एक ही दिन में चार डिग्री लुढ़का अधिकतम तापमान

शहर में एक ही दिन में अधिकतम तापमान में चार डिग्री से भी अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया था, जबकि रविवार को अधिकतम तापमान लुढ़ककर 38.4 पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री गिरावट का सिलसिला अभी कुछ दिनों यथावत रह सकता है।

# 60 किमी की रफ्तार से चली हवा, 33 केवी लाइन बंद

## बिजली व्यवस्था चौपट, फीडर का फाल्ट ढूंढने में लगे घंटों

### घंटों अंधेरे में रहे लोग

60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली हवा ने शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली सप्लाई ध्वस्त कर दी। इस दौरान 33 व 11 केवी के सबस्टेशन एक के बाद एक बंद हो गए, शाम करीब 5.30 हुई इस घटना के बाद हर तरफ अंधेरा छा गया।

रविवार की शाम 5 बजे के बाद अचानक मौसम ने करवट बदली , इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटे की गति से हवा चलने लगी, पेड़, बड़े पोस्टर और तार टूटकर बिजली तारों से जा उलझे। इस दौरान पूरे शहर में अंधेरा छा गया। आंधी थमने के बाद लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम 8 बजे तक शहर के कई इलाके अंधेरे में डूबे रहे। बताया जा रहा है कि करीब 33 केवी लाइन में ट्रिपिंग आने के बाद एक के बाद एक 11 केवी फीडर भी ब्रेकडाउन हो गया, जिसके बाद पूरे शहर की बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। रात 9 बजे तक ज्यादातर इलाकों में बिजली नार्मल कर दी गई, लेकिन कुछ इलाकों में 11 बजे तक सप्लाई नार्मल नहीं हो सकी।



### सुबह मेंटनेंस, शाम को बंद हो गई बिजली

खास बात यह है कि छुट्टी का दिन होने के कारण रविवार की सुबह से ही बिजली विभाग द्वारा लिंक रोड फीडर के अंतर्गत आसपास के क्षेत्रों में मेंटनेंस किया किया गया। इस दौरान सुबह 8 बजे से 12 बजे तक बिजली बंद रही। टिकरापारा, गांधी चौक, इंदिरा चौक, बसस्टैंड के आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहे, लेकिन शाम 4 बजे के बाद ट्रिपिंग की समस्या रही और 6 बजे के बाद पूरी तरह से सप्लाई ठप हो गई।

### बार-बार ट्रिपिंग की समस्या

बसंत विहार, राजकिशोर नगर, खमतराई, मुंगेलीनाका, बृहस्पति बाजार, शनिचरी बाजार स्थित 11 केवी सबस्टेशन में बार बार ट्रिपिंग की समस्या रही। इसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### पोस्टरों ने किया कर्मचारियों को परेशान

बताया जा रहा है कि मेंग्नेटो मॉल, तेलीपारा, अशोक नगर, व्यापार विहार, मुंगेलीनाका और मंगला क्षेत्र में लगे बड़े-बड़े पोस्टरों ने बिजली कर्मचारियों की कमर तोड़ दी। कई जगहों पर पोस्टर गिरने के कारण सप्लाई नार्मल करने में काफी समय लग गया है।

# अलर्ट मोड पर पुलिस, 300 से अधिक संदिग्धों से की पूछताछ



दूसरे राज्यों से आए लोगों की हो रही जांच

सबसे अधिक संदेही बंगाल के

20 गुंडे बदमाश भी किए गए तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला के बाद जिले की पुलिस अलर्ट मोड पर है, रविवार को पुलिस ने अभियान चलाकर दूसरे राज्यों से आकर रहने वाले 300 से अधिक संदिग्धों को अलग अलग थाने में तलब कर पूछताछ की है और आवश्यक दस्तावेजों की परीक्षण किया है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में एक्टिव 20 गुंडे बदमाशों को तलब कर पूछताछ की गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने व आपराधिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चत करने के उद्देश्य से 27 अप्रैल को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान तोरवा, तारबाहर, सिविल लाइन, सरकण्डा, सिरगिट्टी थाना क्षेत्रों बाहरी राज्यों से आए संदिग्ध व्यक्तियों व गुंडे बदमाशों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 300 से अधिक दूसरे राज्यों के संदिग्ध लोगों को थाने में तलब कर उनकी पहचान, निवास स्थान, दस्तावेजों एवं गतिविधयों का विधिवत परीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अधिकांश संदेही पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना, मिदनापुर व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बिलासपुर आए हुए हैं।



### नियमित रूप से चलेगा अभियान

जन सुरक्षा के पुलिस प्रतिबद्ध है और किसी भी गुंडे बदमाश, अपराधिक तत्वों को लगातार चेक किया जाएगा। इस तरह के विशेष चेकिंग अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से चलाए जाएगें। थाना प्रभारियों को बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से लेकर क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखने का आदेश दिया गया। आसपास संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की जानकारी होने पर तत्काल डायल 112 में सूचित करें।

**- रजनेश सिंह** एसएसपी

### देखा जा रहा है आपराधिक रिकार्ड

पुलिस पकड़े जा रहे संदिग्ध लोगों से गहन पूछताछ कर रही है, साथ ही उनके आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल आईसीजेएस पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। संदिग्धों के फिंगरप्रिंट भी लेकर डाटा बेस में मिलान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिन व्यक्तियों के पास उचित दस्तावेज नहीं पाए गए या जिनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं, अपराध में संलिप्तता पाई गई, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह थानो क्षेत्रों में एक्टीव 20 गुंडे बदमाशों को थाने में तलब कर विधिवत जांच की गई और आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश देकर छोडा गया है।






## खबर संक्षेप

### आज फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान में खिलाड़ियों से मिलेंगे पूर्व क्रिकेटर चौहान



**बिलासपुर।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राजेश चौहान का 28 अप्रैल को शहर आगमन हो रहा है। वे शाम 4 बजे फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से रूबरू होंगे। साथ ही नवोदित खिलाड़ियों को खेल के गुर भी सिखाएंगे। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राजेश चौहान शाम 4 से 7 बजे तक खिलाड़ियों के बीच रहेंगे। वे क्रिकेट खेल की कलात्मक जानकारी देने के साथ ही फिटनेस एवं खेल से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए उनका मार्गदर्शन भी करेंगे। इस दौरान श्री चौहान फाउंडेशन के खेल मैदान से निकले राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने बताया कि श्री चौहान वे नर्सरी तथा स्कूल में पढ़ने वाले क्रिकेट के खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने उनका उत्साह बढ़ाने के लिए आ रहे हैं। यहां वे 3 घंटे तक रहेंगे, फिटनेस के साथ ही उन्हें क्रिकेट की बारीकी जानकारी देंगे। शाम 6 बजे एकेडमी के द्वारा उनका सम्मान भी किया जाएगा।

### व्यापारियों ने छग चेम्बर के नए अध्यक्ष थौरानी से की मुलाकात



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नए अध्यक्ष सतीश थौरानी से बिलासपुर के प्रमुख व्यवसायी अमर बजाज, कैलाश मलघानी, मनोहर खट्वानी, मनीष लाहोरानी, हीरानंद छुगानी, संजय मतलानी ने रायपुर छग चैम्बर कार्यालय में अध्यक्ष सहित नए पदाधिकारियों एवं रायपुर नगर निगम पार्षद, एमआईसी मेम्बर अमर गिदवानी से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। व्यापारी हितों एवं व्यापार, उद्योग मुद्दों पर चर्चा की। कपड़ा व्यवसायी अमर बजाज के अनुसार छत्तीसगढ़ चैम्बर अध्यक्ष श्री थौरानी से बैठक में व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए सुझाव और नए व्यापारिक अवसरों की पहचान और उन पर काम करने के लिए रणनीति बनाना व्यापारियों को आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए सुझाव और समर्थन पर खुलकर व्यापारी हितों पर चर्चा की गई।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का नया लोगो जारी




बिलासपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ का नया लोगो यानी प्रतीक चिन्ह जारी किया गया है। यह प्रतीक चिन्ह कहीं अधिक आकर्षक है और राज्य की समृद्धि तथा स्काउट आंदोलन को गति देने का संदेश प्रसारित करता है। राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ का नया लोगो जारी किया है। नए लोगो के बाहरी आवरण में चक्रनुमा में 36 गढ़ को दर्शाया गया है जो राज्य की समृद्धि को गतिमान करता है। लोगो के आंतरिक में केसरिया रंग में छत्तीसगढ़ का नक्शा है और इस पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का त्रिदल कमल वाला प्रतीक चिन्ह है। इसे रीफ नॉट के भीतर रखा गया है। डा यादव ने बताया कि पूरे राज्य में स्काउट आंदोलन की कई गतिविधियों से छात्रों और युवाओं को देश का उपयोगी नागरिक के तौर पर तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। छात्रों और युवाओं के अलावा शिक्षकों की भी भागीदारी हो रही है।

### एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए महज 300 करोड़ की जरूरतः समिति




बिलासपुर। एयरपोर्ट विकास के लिए सरकारी गलियारों में चल रहे 1000 करोड़ रुपए की जरूरत को हवाई संघर्ष समिति ने गलत ठहराया है। समिति ने कहा 4सी एयरपोर्ट के लिए महज 300 करोड़ की आवश्यकता है, जिससे राज्य सरकार किसी भी मद से पूरा करा सकती है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने हाल ही में जबलपुर एयरपोर्ट में हुए निर्माण कार्य का हवाला दिया है, सदस्यों ने बताया कि 800 यात्रियों के लिए बनाया गया टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी टावर और 2700 मीटर रनवे का विस्तार 412 करोड़ में पूरा किया गया है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के उन्नयन के पहले चरण के कार्य के लिए 300 करोड़ रुपए की लागत अनुमानित है, वहीं सेना के कब्जे की जमीन की जरूरत है। रविवार को महाधरने में रवि बनर्जी, आशुतोष शर्मा, अनिल गुलहरे, गोपाल दुबे, महेश दुबे टाटा, शिरीष कश्यप, चंद्र प्रकाश जायसवाल, प्रतीक तिवारी, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

### यादव छग अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**बिलासपुर।** राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं रायपुर से छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कराकर आज कर्मचारी भवन में कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने बताया कि आज कर्मचारी भवन में प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की गई। जिसके अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर आर पी सिंह, जगत नारायण मिश्रा, एके भार्गव, ललित पांडे, राजेंद्र चंद्राकर, एमपी आड़े, महामंत्री उमेश मुदलियार, राजेंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव सीएल दुबे, राजेंद्र पांडे एवं कोषाध्यक्ष सुहास चिपडे को नियुक्त किया गया है। राजीव कस्तूर, दिलीप चतुर्वेदी, मधु सूद, सी एक्का, एलपी श्रीवास एवं सुरेश उपाध्याय को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। जिला शाखा अध्यक्ष अंबिकापुर योगेंद्र नाथ तिवारी, बिलासपुर राजकुमार मिश्रा, बीजापुर सुधाकर राव, बेमेतरा आर के वर्मा, बलौदा बाजार पीके हिरवानी, दुर्ग आनंद मूर्ति झा, धमतरी विजय पदमवार, जीपीएम कमाल खान, जगदलपुर डॉक्टर एस जहीरूद्दीन, जांजगीर चांपा एमपी राठौर, कोरबा नकुल राजवाड़े, कोरिया शंकर सुवन मिश्रा, कबीरधाम संतोष साहू, कांकेर प्रदीप कदम, रायपुर पंकज कुमार नायक, रायगढ़ शेख कलीमुल्लाह, सुकमा जगदीश कनौजिया, बी रामा राजू एवं सूरजपुर सलीम खान को नियुक्त किया गया है।

# नेहरू चौक से लालखदान तक बनेगी सड़क, पीडब्ल्यूडी को स्वीकृति का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के भीतर सालों से सड़कें नहीं बनी है, पीडब्ल्यूडी महज पेंच वर्क कर काम चला रहा है, ऐसे में सालों पुरानी सड़कों को एक बार फिर से मरम्मत की जरूरत है। नेहरूर चौक से लालखदान के बीच 8 किमी सड़क बनाने का प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी ने भेजा है। स्वीकृति के बाद सड़क बनाने की बात अधिकारी कह रहे हैं।

■ करीब 8 किमी सड़क बनाने में खर्च होगा 16 करोड़ रूपए

नेहरू चौक से देवकीनंदन चौक होते हुए गोलबाजार और लालखदान तक पीडब्ल्यूडी की सड़क है। इन सड़कों पर कई जगहों पर गड्ढे हैं, हर बार की तरह पीडब्ल्यूडी महज पेंच वर्क कर कामचलाउ रवैया अपना रहा है। हाल ही में बजट में शामिल सड़क को बनाने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने एस्टीमेट तैयार कर विभाग के पास स्वीकृति के लिए भेजा है, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी फाइल वापस नहीं आ सकी है। ऐसे में सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी ने सड़क के साथ ही सालों पुराने डिवाइडर को भी फिर से बनाने का निर्णय लिया है।

### गांधी चौक से लालखदान सड़क बदहाल

खास बात यह है कि गांधी चौक से लेकर लालखदान के बीच कई जगहों पर सड़क खस्ताहाल है। सीवरेज के चलते कई जगहों पर गढ्ढे हो चुके हैं। वहीं सड़क कई जगहों से उधड़ चुकी है। जिससे यातायात में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। वहीं सड़कों पर लेफ्ट टर्न का हाल बेहाल है, एक बार सिग्नल पर गाड़ियां रूकने के बाद आसानी से नहीं निकल पाती है, ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने सड़कों को चकाचक करने की बात कही है।

# निगम के नए क्षेत्रों में भी मिशन अमृत से सप्लाई होगा पानी, मिले 35 करोड़ रुपए

**बिलासपुर।** नगर निगम सीमा में शामिल किए गए शहर के आसपास वाले आधा दर्जन गांवों को भी अमृत मिशन के माध्यम से पानी देने की तैयारी की जा रही है। शासन द्वारा इस कार्य के लिए पैंतीस करोड़ रूपए जारी भी किए जा चुके हैं। निगम के नए क्षेत्रों में जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को जल से संबंधित किसी भी तरह की असुविधा से बचाने निगम प्रशासन ने तैयारी शुरू कर ली है।

लगातार बढ़ रही गर्मी से गिरते जलस्तर और भविष्य में इस स्थिति के अधिक भयावह हो जाने की संभावना को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके अंतर्गत नगर निगम सीमा में शामिल हुए नए क्षेत्रों को भी अब अमृत मिशन का पानी देने की तैयारी है। वर्तमान में अमृत मिशन का लाभ सिर्फ पुराने निगम क्षेत्र को ही दिया जा रहा है। इसके विपरीत नए क्षेत्रों में जलापूर्ति भू-जल पर निर्भर है। फयहां बोर के माध्यम से टंकियों के द्वारा क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन जलस्तर में गिरावट को ध्यान में रखकर आने वाले समय में व्यापक जलसंकट वाली स्थिति से निपटने की निगम प्रशासन की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। आगामी ग्रीष्मकाल तक चिल्हाटी, घुरू, कोनी, सकरी, मंगला, सिरगिट्टी, बिजौर, लिंगियाडीह, खमतराई एवं बहतराई में भी अमृत मिशन के तहत जलापूर्ति संभव हो सकेगी।

### जल्द पूरे किए जाएंगे कार्य

नगर निगम के नए क्षेत्रों को भी अमृत मिशन का लाभ देने पैंतीस करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि से जल्द ही आवश्यक सभी कार्य पूर्ण किए जाएंगे, ताकि आगामी ग्रीष्मकाल तक सभी नए क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा सके।

**-अनुपम तिवारी** ईई जल विभाग, ननि

## मालिक बन बैठे मेंटनेंस की जिम्मेदारी लेने वाले दुकान के किराएदार

# 11 करोड़ के सामुदायिक शौचालयों में लटक रहे ताले, योजना का नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले में बनाए गए 470 सामुदायिक शौचालयों में ताले लटक रहे हैं। शौचालयों का बेहतर मेंटेनेंस हो सके, इसके लिए परिसर में दुकानें भी बनाई गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिन लोगों ने दुकानों को किराए पर लिया है, उन्होंने ही मालिक बनकर शौचालयों पर अपने ताले लगा दिए हैं। ऐसी स्थिति में इन शौचालयों के निर्माण में खर्च किए गए 10 करोड़ 80 लाख रूपए पानी में नजर आ रहे हैं।

जिले की किसी भी सड़क पर आवागमन के दौरान सामुदायिक या सार्वजनिक शौचालय लिखे हुए विभन्न स्लोगनों की लिखावट और रंग-रोगन वाले रंग-बिरंगे शौचालय आपको नजर आ जाएंगे, लेकिन इसके साथ ही उन शौचालयों में लटक रहे तालों को देखकर मन में यह प्रश्न भी आ जाएगा कि आखिरकार इन शौचालयों को बनाने का उद्देश्य क्या हो सकता है?

जिले के लगभग सभी सामुदायिक शौचालयों की हालत लगभग ऐसी ही है। शौचालयों में महिला प्रसाधन,




पुरूष प्रसाधन व दिव्यांग जन प्रसाधन बनाए गए हैं। इनके बीच एक दुकान भी बनाई गई है। दुकान बनाने का उद्देश्य यह था कि इन दुकानों को किराए पर देकर किराए की राशि से शौचालयों का मेंटेनेंस कराया जाना है। दुकानों को महिला स्व सहायता समूहों को दिया जाना पहली प्राथमिकता थी। पूरे जिले में कुल 668 गांव हैं, जहां शौचालय बनाए जाने हैं। इसके अंतर्गत आज की स्थिति में 10 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से 490 शौचालय न केवल कंप्लीट हैं, बल्कि यहां बनाई गई दुकानों में किराएदारों की दुकानदारी भी शुरू हो गई है, लेकिन किराए की रकम मेंटेनेंस में खर्च न करना पड़े, इसलिए सभी शौचालयों में तालेबंदी करके रखी गई है। आश्चर्यजनक बात यह है कि पूरे जिले के शौचालयों की यह स्थिति जनपद व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के संज्ञान नहीं है।

### इसलिए किया गया सामुदायिक शौचालयों का निर्माण

सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के पीछे शासन का खास उद्देश्य है। गांव में आज भी ऐसे कई घर हैं, जहां शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है। कई घर ऐसे भी हैं, जो संयुक्त परिवार वाले हैं। ऐसे परिवारों के लिए शौचालयों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए शासन ने गांवों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया है। इसी तरह शादी-ब्याह के दौरान उपयोग करने वालों की संख्या अधिक होती है। हाट-बाजार वाले दिन ग्रामीण महिला व पुरूषों की जरूरतों का ध्यान रखते हुए इन शौचालयों का निर्माण किया गया है।

### आवागमन करने वालों को होती है सहूलियत

ज्यादातर सामुदायिक शौचालय मुख्य मार्गों पर बनाए गए हैं। मुख्य मार्गों पर आवागमन के दौरान राहगीरों को, विशेषकर महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को टॉयलेट की जरूरत महसूस होने पर अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। इस परेशानी से बचने के उद्देश्य से शासन द्वारा ज्यादातर सामुदायिक शौचालय मुख्य मार्गों पर बनाए गए हैं। इसके विपरीत हमेंशा तालेबंदी के कारण इन शौचालयों का निर्माण उद्देश्य के विपरीत नजर आ रहा है।

# भारत 2047 तक ज्ञानशक्ति के शिखर पर होगा : प्रो. चक्रवाल



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय स्वदेशी शोध संस्थान नई दिल्ली, यूनिवर्सिटी आफ अगडर नार्वे, इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक म.प्र. एवं इंडियन एग्रीकल्चरल रिसर्च इंस्टीट्यूट के मध्य हुए समझौता ज्ञापन 25 अप्रैल किया गया।

■ सीयू सहित पांच उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन

अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल उपस्थित रहे। 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा विजन 2047ः प्रासपरस एंड ग्रेट इंडिया विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। मंचस्थ अतिथियों में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं कृष्ण गोपाल सह–सरकार्यवाह मौजूद थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो चक्रवाल ने कहा कि इस समझौता का उद्देश्य वैश्विक अनुभवों को साझा करना, ज्ञान के नए आयाम खोजना तथा निरंतर विचार विमर्श के साथ ही सर्वोत्तम प्रयासों को अपनाना एवं क्रियान्वित करना है। इस समझौते के द्वारा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को सर्वांगीण एवं वैश्विक स्तर में विविध विषयक ज्ञान परिवेश का लाभ मिलेगा। श्री चक्रवाल ने कहा कि यह अध्ययन एवं शोध में नवीन ऊर्जा का संचार करेगा तथा वैश्विक शिक्षा समागम में अत्यंत सहायक होगा।

वैश्विक तकनीकी हस्तांतरण एवं नवाचार के नए मार्ग को प्रशस्त करेगा जो स्वावलंबी एवं विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 के पूर्व ही प्राप्त करने में सहायक होगा। ज्ञान के नवसृजन से भारत को विज्ञान, तकनीक एवं नवाचार से सतत विकास तथा वैश्विक नेतृत्व का गौरव प्राप्त हो सकेगा।

### आत्मनिर्भरता के लिए समग्र प्रयास करेंगे

प्रो. चक्रवाल ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन को गैर–व्यावसायिक, दीर्घकालिक एवं मिशन मोड की भावना से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समझौता ज्ञापन के सभी पक्ष इसके क्रियान्वयन हेतु बहुस्तरीय शोध परियोजनाओँ, विशेषज्ञ शिक्षकों एवं छात्रें के एक्सचेंज प्रोग्राम, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियां, ज्ञान संसाधनों का आदान प्रदान, नवाचार केन्द्र का निर्माण एवं स्वदेशी ज्ञान कोष की स्थापना के साथ ही ऊर्जा में आत्मनिर्भरता के लिए समग्र प्रयास करेंगे।

# पहलगाम : जय हिन्द राइडर्स के सदस्यों ने जताया विरोध



**बिलासपुर।** पहलगाम में हुआ कायराना हमले के विरोध में जय हिन्द राइडर्स के सदस्यों ने साइकिल राइड के माध्यम से विरोध जताया। सदस्यों ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पहुंचकर अपना मौन प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 11 किलोमीटर साइकिल चलाई।

पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जय हिन्द राइडर्स के सदस्यों ने साइकिल राइड के माध्यम से अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ कायराना हमला न सिर्फ जानलेवा है, बल्कि इंसानियत पर सीधा प्रहार है। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग का क्या दोष था, जो इनकी आवाज को गोलियों में दबा दी गई। हमें गम हैं, लेकिन हम बेबस नहीं। उन्होंने कहा कि साइकिल राइड केवल एक विरोध नहीं है, बल्कि एक संदेश है। सदस्यों ने रविवार को शाम छह बजे राम सेतू से राइड की शुरूआत की, जो नेहरू चौक, सत्यम चौक, अग्रसेन चौक, सीएमडी कॉलेज चौक, मंगला चौक से होते हुए नेहरू चौक पर समाप्त हुआ। इस अवसर पर रवीश, डॉ. सिद्धार्थ वर्मा, मनीष रोहरा, वैभव गुप्ता, संजय वीरानी, अभिषेक, बाबा राव आदि शामिल थे।

# अयोध्या दर्शन सेवा समिति के प्याऊ घर का अमर ने किया उद्घाटन



**बिलासपुर।** अयोध्या दर्शन समिति द्वारा रविवार को नेहरू चौक पर प्याऊ घर खोला गया। जिसका शुभारंभ बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने किया। समिति द्वारा शहर के 21 चौक-चौराहों पर प्याऊ घर खोला गया है।

नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा इस पुनीत कार्य के लिए प्रवीण झा और उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र है। समिति के प्रमुख एवं समाजसेवी प्रवीण झा की अगुवाई में शहर के 21 प्रमुख चौक-चौराहों पर प्याऊ घर खोला गया है। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि प्रवीण झा का हर कार्य पुण्य का प्रतीक है। इस पुण्य कार्य में विधायक अमर अग्रवाल ने समिति के प्रयासों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सहयोग से प्रवीण झा और उनकी टीम ने जो व्यवस्था की है, वह समाज के लिए अनुकरणीय है। उद्घाटन समारोह में महापौर पूजा विधानी, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, पार्षद विजय ताम्रकार, रामप्रताप सिंह, रौशन सिंह, राजीव अग्रवाल, रिंकू मित्रा, चन्द्रकिशोर प्रसाद, अजित पंडित, राजीव गिरी, उचित सूद, सन्नी गिरी, रविंद्र कुशवाहा सहित समिति के कई सदस्य और आमजन मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना के कारणों की जानकारी लेने बनी टीम



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन एवं सख्त कठोर कार्रवाई की जा रही है। फिर भी घटित होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए एसएसपी श्री सिंह ने रोड सेफ्टी से जुड़े हुए विभागों के मध्य परस्पर अंतर समन्वय के साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सामूहिक प्रयास करने एसपी कार्यालय में कई विभागों के जिला प्रमुख एवं राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली।

■ सड़कों के नजदीकी हास्पिटलों की बनाई सूची

उन्होंने बताया कि जिले में अलग-अलग क्षेत्र के लिए अलग-अलग टीम तैयार कर सड़क दुर्घटनाओं की ग्राउंड लेवल जानकारी एकत्रित करके प्राप्त आंकड़ों की समीक्षा कर दुर्घटनाओं के कारणों के समाधान कारक पहलुओं पर क्या-क्या आवश्यक प्रयास कर सकते हैं के संदर्भ में त्वरित कार्रवाई कर सकते हैं। इस संदर्भ में शीघ्र प्रयास करने टीम को निर्देश दिए गए। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा दुर्घटना रोकने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

### दुर्घटना रोकने पर की चर्चा, मांगे सुझाव

नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे एवं ग्रामीण सड़कों में इंजीनियरिंग बनावट की समीक्षा कर वहां पर दुर्घटना रोकने का क्या क्या प्रयास कर सकते हैं। किसी भी सड़क दुर्घटनाओं के दौरान किस तरीके से आहत व्यक्ति को जोखिम से बाहर निकाला जा सके। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सड़कों के नजदीकी हॉस्पिटलों की सूची बनाई गई है, ताकि अविलंब नजदीकी अस्पताल में आहत व्यक्ति को शीघ्र ही स्वास्थ्य उपचार कराने पहुंचाया जा सके। बैठक में पुलिस विभाग, नेशनल हाईवे, पी डब्लू डी, एनएचआई, नगर निगम सहित अन्य विभाग के राजपत्रित अधिकारी उपस्थित थे।

## एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में सार्थक शिक्षा कैसे हो पर की गई चर्चा

# सकारात्मक सोच व उद्देश्यपूर्ण शिक्षण से संवरेगा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में 27 अप्रैल को विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक तथा सार्थक शिक्षा कैसे विषय पर परिचर्चा हुई। इसमें विद्यालय सलाहकार समिति के सदस्य ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवास, विवेक जोगलेकर, कमांडर हरीश चंद्र तिवारी, नम्रता शिंदे, पूर्व सैनिक स्कूल छात्र डॉ. कमलेश मौर्य, व्याख्याता रत्ना मिश्रा, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, प्राचार्या जी. आर. मधुलिका, उपप्राचार्य जोशी जोश तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमिताभ शिंदे एवं नम्रता शिंदे का स्वागत सैपलिंग भेंट कर किया गया। वहीं ऑनलाइन माध्यम से गुजरात से ममता बालासुब्रमण्यम तथा 'फार्मर्स प्राइड' संस्था की सुश्री श्रद्धा एवं संदीप ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय की प्राचार्या जी. आर. मधुलिका ने विद्यालय की स्थापना, मूलभूत दृष्टि और मिशन की जानकारी दी। उपप्राचार्य श्री जोश ने विद्यालय की यूनिक मेथडोलॉजी, मॉड्यूल क्लासेस और शैक्षणिक कार्यप्रणाली को प्रस्तुत किया। शिक्षिका रजनी सिंह ने न्यू सैनिक स्कूल की स्थापना और कार्य प्रणाली का विवरण प्रस्तुत किया। शिक्षिका गुरुदीश कौर ने सैनिक स्कूल शिक्षकों के लिए आयोजित टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। विद्यालय के फैकल्टी एक्सपर्ट विकास शुक्ला ने कहा कि इस प्रोग्राम को ज्वाइन करना छात्रों के लिए भविष्य में अनेक अवसरों के द्वार खोल सकता है। मुख्य अतिथि अमिताभ शिंदे ने सैनिक जीवन के अनुशासन तथा नेतृत्व विकास पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को ग्रुप कैप्टन वाई. श्रीनिवास, डॉ. कमलेश मौर्य, विवेक जोगलेकर, रत्ना मिश्रा और विकास शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सकारात्मक सोच और उद्देश्यपूर्ण शिक्षण पर बल दिया।




### बच्चों में सामाजिक चेतना विकसित करना उद्देश्यः डा. अजय

चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करना है, बल्कि बच्चों में जीवन मूल्यों, नेतृत्व और सामाजिक चेतना को भी विकसित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में और अधिक नवाचारपूर्ण शैक्षणिक पहल की दिशा में कार्य करेगा। अंत में शिक्षिका प्रिया गोरख ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



# सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने खुश किया, मैथ्स ने किया हलाकान, 4 हजार 517 ने दी परीक्षा

व्यापमं द्वारा सब इंजीनियरिंग के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को शहर के 21 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल ब्रांच में खाली पदों की भर्ती के लिए ली गई है। एक पाली में सुबह 10.15 से 12.15 तक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल दर्ज 7 हजार 648 में से 4 हजार 517 उपस्थित रहें और 3 हजार 131 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



सिविल इंजीनियरिंग के रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** परीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर कुरूवंशी, नोडल अधिकारी एके खलखो, समन्वयक डॉ. प्रवीण पांडे, सहायक समन्वयक डॉ. केपी तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. जीए अश्विनी कुमार द्वारा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षार्थी अनिल कौशिक ने बताया कि दो घंटे की 100 अंक की परीक्षा में जीके, मैथ्स, इलेक्ट्रिक जैसे विषयों के प्रश्न पूछे गए। इसमें छत्तीसगढ़ में होने वाले पारंपरिक सुआ नृत्य का अन्य क्या नाम है और मेजर ध्यानचंद इनाम इस वर्ष किसको मिला ऐसे तमाम सरल प्रश्नों से परीक्षा सरल रही।

### प्रश्न हल करने में लगा समय

परीक्षार्थी अमर साहू ने बताया कि प्रश्नपत्र में मैथ्स विषय के प्रश्नों परेशान किया। जिसे हल करने में समय भी खूब लगा। इस पेपर में माइनस मार्किंग होने से बड़े सूझ-बूझ से प्रश्नों को हल किया गया। हालांकि जीके प्रश्न और ब्रांच सबंधित प्रश्नो ने नंबर भी बढ़ाया है।

**आयोजन**

## पुलिस ग्राउंड में लगा वाटर कूलर, प्यूरीफायर खेलने वाले बच्चों को मिलेगा ठंडा पानी



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर क्वींस द्वारा गर्मी को देखते हुए पुलिस ग्राउंड में एक वाटर कूलर और वाटर प्यूरीफायर का इंस्टॉलेशन करवाया गया। जिस से वहां खेलने वाले बच्चों को ठंडा और साफ पानी उपलब्ध होगा। वाटर कूलर का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह और एडिशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा, डीएसपी मंजूलता, पुलिस लाइन आरआई भूपेंद्र गुप्ता ने किया। इस मौक़े पर रोटरी क्वींस की अध्यक्षा मनीषा जायसवाल, सचिव प्रकृति वर्मा, शिल्पी चौधरी, सीमा ठाकुर, एकता वीरवानी, रश्मि पटरिया, रोटरी क्लब बिलासपुर के पूर्व सचिव चंचल सलूजा उपस्थित रहे। भीषण गर्मी में राहगीर को पानी उपलब्ध्ध कराने जूना बिलासपुर व्यापारी संघ ने नागोराव शेष स्कूल चौक जूना बिलासपुर के पास प्याऊ घर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश गुप्ता, संचार मंत्री चंदूलाल जग्यानी, कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह गांधी, श्री उपाध्याय, आनंद साहू, सहयोगी राजेश ठाकुर सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

**सेमिनार**

## इंडियन डेंटल की कार्यशाला : दूरबीन पद्धति से दांत की नसों का किया इलाज



**बिलासपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन द्वारा गोवा से आए बतौर स्पीकर डॉ. सनील नाटेकर द्वारा दूरबीन पद्धति द्वारा दांत के नसों का इलाज का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रायपुर रोड स्थित एक निजी होटल में किया गया। जिसमे मुख्य रूप से अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत कश्यप, डॉ. वैभव चौधरी, डॉ. अभिजीत गांधी, डॉ. आशीष सोनी, डॉ. सुधांशु त्रिपाठी, स्टेट प्रेसीडेंट डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. तुषार, डॉ. अमित, डॉ. तरुन, डॉ. तृप्ति, डॉ. निकिता एवं अन्य डॉक्टर उपस्थित रहे।

# भक्तों ने किए मां मदुर मीनाक्षी के दर्शन

शहर के बारह खोली चौक स्टेशन रोड श्री सोलापुरी माता पूजा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रजत जयंती वर्ष में आयोजन के तीसरे दिन यहां देवी मदुर मीनाक्षी स्वरूप की स्थापना की गई। खड़कपुर से आए पुजारी पार्थ सारथी ने गीली हल्दी से मां के इस स्वरूप की रचना की, जिन्होंने बताया कि दक्षिण भारत के मदुरई में मां मीनाक्षी अम्मन का विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। उनका मंदिर द्रविड़ वास्तु कला का उत्कृष्ट उदाहरण है जिसका धार्मिक महत्व भी है। मंदिर में 14 गोपुरम बने हैं जिसमें से सबसे उंचे गोपुरम की ऊंचाई 170 फीट है।

**बिलासपुर।** दक्षिण भारत में मीनाक्षी देवी को शक्ति, साहस, करुणा और सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है, जो अपने भक्तों को सुरक्षा, समृद्धि और उर्वरकता का आशीर्वाद देती है। इसीलिए महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए उनकी पूजा करती है। मीनाक्षी देवी मां पार्वती का ही एक स्वरूप है जिनके पति भगवान शिव सुंदरेश्वर के रूप में पूजे जाते हैं। मान्यता है कि विवाह के बाद उन्होंने मदुरई में शासन किया और एक योग्य शासक के रूप में प्रसिद्ध हुए। प्राचीन कथा के अनुसार मीनाक्षी देवी का जन्म पांडय राजा मलेश्वज और रानी कंचनमाला के घर हुआ था। वह एक दिव्य कन्या थी, जिनकी आंखें मछली के समान थी इसलिए उनका नाम मीनाक्षी रखा गया।





### देवी की कृपा से बदला मौसम

धार्मिक मान्यता है कि जब भीषण गर्मी पड़ती है तो गर्मी में होने वाली बीमारियों और तेज गर्मी से बचाव के लिए मां सोलापुरी की पूजा अर्चना की जाती है। और यह देवी कृपा है कि हर वर्ष बिलासपुर में जब भी सोलापुरी माता की स्थापना की जाती है तो बिलासपुर का मौसम भी बदल जाता है। अभी 2 दिन पहले ही बिलासपुर में पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया था। लोग गर्मी से झुलस रहे थे, लेकिन जैसे ही सोलापुरी माता की पूजा अर्चना शुरू हुई बिलासपुर का मौसम बदल गया और रविवार शाम को झमाझम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष वी रामा राव ने बताया कि ऐसा हर वर्ष होता है। इससे ही देवी की चमत्कारी शक्तियों का पता चलता है। रविवार को मां मदुर मीनाक्षी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई, जिन्हें बंगाली खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया।

### निकाला गया लकी ड्रा

हर वर्ष की भांति इस बार भी पंडाल पहुंचने वाले बच्चों और महिलाओं को निशुल्क कूपन वितरित किया जा रहा है, जिनका मेहमानों द्वारा लकी ड्रॉ निकालकर उन्हें आकर्षक उपहार प्रदान किये जा रहे हैं। शुक्रवार को भी लकी ड्रा निकाला गया इसके विजेता इस प्रकार से रहे बच्चों के लकी ड्रा में राणा कोरी,राजकिशोर नगर 2 जी कासी कै दवारा निकाला गया।

**कार्यक्रम**

## धन गुरु दरबार में चल रहा 40 दिन का जपजी साहिब पाठ



**बिलासपुर।** धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थॉहिरिया सिंह साहब दरबार सिंधी कॉलोनी में भाई साहब मेहरबान सिंह साहब की याद में 40 दिन का श्री जपजी साहिब अखंड पाठ आरंभ किया गया है। जिसके 11 दिन संपन्न हुए। दरबार के सेवादार डॉ हेमंत कलवानी ने बताया कि श्री जपजी साहिब का अखंड पाठ 40 दिन नियमित रूप से 24 घंटे चलेगा। बब्बल भाई साहब ने कीर्तन, सत्संग से संगत को निहाल किया। अंत में भाई साहब मूलचंद नारवानी ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सारी संगत ने लंगर ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने भाई साहब मूलचंद नारवानी, सोनू लालचंदानी, पार्षद सुरेश वाधवानी, विकास बजाज, राहुल धनवानी, डॉ हुंदल दास सोमनानी, नानक पंजवानी, प्रकाश जज्ञासी, दिलीप जगमलानी, राजू धमेजा, जगदीश सुखीजा, नरेश मेहरचंदानी सहित अन्य सेवादार व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## राम के आदर्श जीवन की प्रेरक कथा का वाचन



**बिलासपुर।** लक्षनपुर सेंदरी में श्री रुद्र पांच कुंडीय महायज्ञ सप्ताह का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग एवं पयाशीधाम आयोध्या से आए प्रवचनकार आचार्य धर्मेंद्र महाराज व सुदर्शन गिरी अखाड़ा काशी की प्रेरणा से किया गया। इसमें श्री राम के आदर्श जीवन की प्रेरक कथा का वाचन किया गया।

- श्री रुद्र पांच कुंडीय महायज्ञ सप्ताह का आयोजन

इसमें शामिल शिव सेना से संतोष कौशल, नवीन यादव, मुकेश देवांगन , कमलेश गुप्ता एवं रेवती यादव का आचार्यजी ने राम गमछा से सम्मानित किया। शिव सेना के संतोष कौशल ने बताया कि श्री रुद्र पंच कुंडीय महायज्ञ के साथ ही रामकथा व शिव प्राण प्रतिष्ठा से लछनपुर सहित आसपास के ग्राम सेंदरी, मोहतराई, कछार व आसपास का वातावरण दिव्य रहा। अतिथि के रूप से ग्राम के सरपंच, संतोष कौशल, मुकेश देवांगन, नवीन यादव, कमलेश देवांगन, रेवती यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

## भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र माखन चोरी प्रसंग पर डाला प्रकाश



श्री विहार सरकंडा स्थित शारदाश्री गार्डन में चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन रविवार को कथा व्यास भागवत भूषण पं. अनिल शर्मा कोसला ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र व माखन चोरी प्रसंग पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माया रूपी मन सबसे बड़ा शत्रु है। इससे बचने गुरु का आश्रय लें। कथा के मुख्य यजमान शिरोमणि, इंदिरा शर्मा है। कथा श्रवण करने वालों में सूर्यकांत, रविकांत, मनीषा, सुप्रिया, गंगोत्री, नीरा, पदमा, मीना, सरोजनी, कमोदिनी, मंजू, प्रतिभा, गायत्री, सावित्री, सुवर्णा, अक्षत, सुहानी, श्रीदा, शांभवी सहित अन्य लोग शामिल रहे। सोमवार 28 अप्रैल को रासलीला, रूक्मणि विवाह पर कथा होगी।



- श्री विहार में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा

## साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग : वेद देता है सुख शांति का संदेश, लौटें वेदों की ओर



आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग किया गया। जिसके मुख्य यजमान अमित जगवानी थे। इसमें आचार्यजी ने कहा कि वेद ही एक ऐसा धर्म ग्रंथ है जो सभी मनुष्यों के ही नहीं प्राणियों की सुख-शांति का संदेश देता है इसलिए हमें वेदों की ओर लौटना चाहिए। आशीष जगवानी का जन्मदिन वैदिक रीति से मनाने के बाद आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने उन्हें गीत के माध्यम से आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने कहा कि आतंकवादी धरती पर मनुष्य मात्र के लिए खतरा है। आतंकवाद खत्म होना चाहिए। आचार्य ने बताया कि धरती पर मानव तभी सुखी रह सकता है जब वैदिक शिक्षा होगी। वेदों में शांति, प्रेम, स्नेह, सौहार्द का उपदेश दिया गया है। वेद ही एक ऐसा धर्म ग्रंथ है जो सभी मनुष्यों की ही नहीं प्राणियों के सुख-शांति का संदेश देता है इसलिए हमें वेदों की ओर लौटना चाहिए। धर्म सर्वे भवंतु सुखिनः की भावना जागृत करता है। मानव को मानव से जोड़ने वाला सनातन वैदिक धर्म है।

**बैठक**

## परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, बैठक में लिया निर्णय



**बिलासपुर।** परशुराम जन्मोत्सव को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ जिला बिलासपुर, प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज, समग्र ब्राह्मण व परशु सेना के पदाधिकारियों ने मिलकर एक बैठक आयोजित की। जिसमें सर्व ब्राह्मण संगठन को एक करके भव्य रूप में शोभायात्रा का आयोजन करना सुनिश्चित किया गया। बैठक में कार्यक्रम संयोजक विनय शर्मा, देवेंद्र पाठक, चंद्र प्रकाश बाजपेई एवं राजा शर्मा ने 28 अप्रैल से 1 मई तक आयोजित परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की व्यवस्था की जानकारी दी। जिसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के सभी पदाधिकारी, अध्यक्ष अर्चना तिवारी, संगीता शर्मा, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, सचिव शशि प्रभा पांडेय, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, पूर्णिमा मिश्रा, प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज से वंदना तिवारी, रंजना पांडेय सीमा पाठक उपस्थित रहीं।

**स्पोर्ट्स न्यूज**

सीनियर एलिट ग्रुप टी-20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता

# रायपुर ने बिलासपुर ब्लू को हराया, जीता दूसरा मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसका आज बिलासपुर ब्लू ने अपना पहला मैच रायपुर के मध्य भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में खेला। जिसमें रायपुर के कप्तान सानिध्य हूरकत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।और बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.2 ओवर में 144 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। बिलासपुर ब्लू की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आशीष पांडे 47 रन और जी श्रीकांत ने 37 रन की पारी खेली। रायपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमितेश पांडे ने तीन विकेट उत्कर्ष तिवारी ने दो विकेट और अभिमन्यु सिंह ने तीन विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात रायपुर ने 145 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिए । जिसमें अभिमन्यु सिंह ने 43 रन आयुष पांडे 40 रन और सानिध्य हूरकत ने 21 रन बनाए। बिलासपुर ब्लू की ओर से ओम वैष्णव को 2 विकेट और परिवेश धर को एक विकेट प्राप्त हुआ। इस तरह रायपुर ने अपना दूसरा मैच सात विकेट से जीत दर्ज कर चार अंक प्राप्त करने में सफल हुई। बिलासपुर ब्लू अपना दूसरा मैच कल दिनांक 28 अप्रैल को दुर्ग के मध्य भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में खेलेगी। मैच के निर्णायक मोहम्मद दाऊद अंसारी हरप्रीत सिंह और थर्ड अंपायर अनिल सिंह स्कोरर महेश दत्त मिश्रा और सरफराजुद्दीन थे। मैच के ऑब्जर्वर अजय तिवारी हैं। बिलासपुर ब्लू टीम के कोच सुशांत शुक्ला हैं, यह जानकारी विंटेश अग्रवाल ने दी।





# मैडम तुसाद संग्रहालय की शोभा बढ़ाएंगे राम चरण...

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम चरण की मोम की प्रतिमा सिंगापुर के मैडम तुसाद संग्रहालय में लगाई जाएगी। अभिनेता टॉलीवुड के चौथे सितारे होंगे, जिनकी मोम की प्रतिमा इस प्रसिद्ध संग्रहालय में लगाई जाएगी। पहले यह घोषणा की गई थी कि अभिनेता राम चरण के प्रिय पेट डॉग राइम का मोम का पुतला लंदन के मैडम तुसाद संग्रहालय में उनके मोम के पुतले के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। अब उनके वैक्स स्टैच्यू के लॉन्च की तारीख भी सामने आ गई है। पिछले साल अबू धाबी में आयोजित आइफा अवाड्र्स के दौरान इस सम्मान का परिचय देने के लिए एक विशेष वीडियो दिखाया गया था।

लाइफ Style



# कृति

## मेंटल हेल्थ के लिए सरकार से की ये अपील

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरे बॉलीवुड ने आलोचना की और कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हमले से प्रभावित हुए लोगों के लिए सरकार से मदद मांगी। उन्होंने पीड़ितों द्वारा मानसिक आघात का सामने किए जाने पर प्रकाश डाला।

अभिनेत्री ने पहलगाम हमले से प्रभावित परिवारों के लिए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा, 'कुछ विचार हैं, जो मेरे दिल को भारी कर रहे हैं। मैं उन्हें साझा करने के लिए बाध्य महसूस कर रही हूं।' अभिनेत्री ने पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर के वास्तविक संघर्षों के बारे में बात की। उन्होंने मेंटल हेल्थ पेशेवरों से पीड़ितों की सहायता के लिए आग्रह किया। अभिनेत्री ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'मैं हमारी सरकार, मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, गैर सरकारी संगठनों और भावनात्मक उपचार के क्षेत्र में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति से आग्रह करती हूं। कृपया इन परिवारों तक तक पहुंचें। जो चले गए वो चले गए, लेकिन जो अभी भी यहां हैं, उन्हें हमारी जरूरत है। वो कभी ठीक नहीं हो सकते हैं। उन्हें इससे निपटने में मदद की जा सकती है।' अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में जोर देते हुए कहा कि 'आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है।' अभिनेत्री ने कहा, 'यह किसी आस्था का काम नहीं है, बल्कि व्यक्तियों का काम है- एक विकृत, कायर मानसिकता का। लोगों पर उनके सबसे कमजोर समय में हमला करने के लिए क्रूरता के अलावा और कुछ नहीं चाहिए।

## हॉलीवुड मसाला




### ज्वेलरी चोरी मामले में संदिग्ध मांगेगा माफी

**लॉस एंजिल्स।** किम कार्दशियन के साथ हुई डकैती में 10 लोग शामिल थे, जिन पर सशस्त्र डकैती और अपहरण जैसे गंभीर आरोप हैं। उन्हीं में से एक ने कहा है कि वह पेरिस ट्रायल के समय माफी मांगेगा। 2016 में किम कार्दशियन के साथ पेरिस में हुई सशस्त्र डकैती के एक संदिग्ध, 71 साल के यूनिस अब्बास ने कहा है कि वह सोमवार से शुरू होने वाले पेरिस ट्रायल के मुकदमे में अपनी गलती स्वीकार करेगा और माफी मांगेगा। अब्बास ने कहा, 'मैं ईमानदारी से माफी मांगूंगा।' पेरिस फैशन वीक के दौरान किम कार्दशियन जिस अपार्टमेंट में रुकी थीं।



### जस्टिन बीबर पर टूटा दुखों का पहाड़...

**लॉस एंजिल्स।** कैनेडियन पॉप सिंगर जस्टिन बीबर पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। उनके नाना ब्रूस डेल का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। बताया जाता है कि जस्टिन पहले से ही हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। हाल ही में उनके कुछ वीडियोज वायरल हुए थे, जिसमें उनका बर्ताव देखकर उनके फैंस हैरान-परेशान हो गए थे। वाइफ हैली बीबर संग उनके रिश्ते में अनबन और तनाव की अफवाह भी उड़ी थी। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर अपने दिवंगत नाना को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा, 'पापा, मैं हमेशा आपके सारे पैसे ले लेता था। मुझे याद है कि आपने मुझे खास तौर पर बताया था कि नानी ने आपको हफ्ते के लिए 20 डॉलर का भत्ता दिया था! मैं हमेशा आपको शुक्रवार की रात हॉकी खेल के दौरान स्नैक्स पर खर्च करने के लिए मनाता था।



## 'सितारे जमीन पर' 20 जून को देगी दस्तक


**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। आमिर ने ये कंफर्म किया कि 'सितारे जमीन पर' 20 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। वहीं, फिल्म के मुख्य विषय के बारे में बात करते हुए आमिर ने कहा कि यह कई मायनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में है। आमिर के इस खुलासे के बाद अब दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित यह फिल्म 2007 में आई आमिर खान द्वारा निर्देशित 'तारे जमीन पर' की अगली कड़ी बताई जा रही है। 'तारे जमीन पर' में डिस्लेक्सिया से पीड़ित एक बच्चे के संघर्ष को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया था।



## टेबल टेनिस खिलाड़ी की भूमिका में...

**मुंबई।** फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में सभी का दिल जीत चुके विक्की कौशल अब जल्द ही एक अनोखे किरदार में नजर आएंगे, जो लोगों के बीच पहले से ही मशहूर है। दरअसल, विक्की टेबल टेनिस खिलाड़ी की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। ओटीटी प्ले की एक खबर के मुताबिक, 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाकर खूब वाहवाही बटोर चुके विक्की कौशल मे इस फिल्म के अलावा 'सरदार उधम' और 'सैम बहादुर' जैसी फिल्मों में भी वास्तविक किरदार निभाए हैं। अब, मशहूर टेबल टेनिस खिलाड़ी और ओलंपियन शरत कमल ने अपनी बायोपिक में विक्की कौशल को देखने की इच्छा जताई है। शरत कमल ने कहा कि वह अपनी बायोपिक के लिए विक्की कौशल को देखना पसंद करेंगे।

## टीवी मसाला



### 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आएगा नया ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** लंबे समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता में फैंस को चौथी पीढ़ी देखने को मिल रही है। जहां अभीरा और अरमान के किरदार में समृद्धि शुक्ला और रोहित पुरोहित की कैमेस्ट्री पसंद आ रही है तो वहीं लोगों का ध्यान सीरियल की कहानी पर जा रहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के लेटेस्ट एपिसोड में पोद्दार परिवार कावेरी का बर्थडे सेलिब्रेट करता हुआ नजर आता है। जबकि अभीरा और अरमान जश्न में शामिल होते हैं। हालांकि, पूरा परिवार जान जाते हैं कि अभीर और चारू एक दूसरे को पसंद करते हैं, जिसके चलते शो के मेकर्स ने नया ट्विस्ट लाने का फैसला किया है। अपकमिंग एपिसोड में आप देखेंगे कि अरमान, विद्या से वादा करेगा कि अगर अभीर और कियारा अलग हो गए तो वे गोयनका से रिश्ता तोड़ देंगे। जबकि, दूसरी तरफ अभीर और अरमान के बीच एक और तीखी बहस देखने को मिलेगी। दरअसल, अभीर और कियारा को अभीरा तलाक लेने की सलाह देगी। हालांकि, कियारा ऐसा करने से मना कर देगी और अपने रिश्ते को एक और मौका देने की बात कहेगी। इससे अभीर और चारू हैरान रह जाएंगे। वहीं, अभीर कियारा के फैसले पर सवाल उठाएगा और कहेगा कि वह क्यों उस इंसान के साथ रहना चाहती है, जो किसी और से प्यार करता है। दूसरी तरफ मनीष माफी मांगता है। जबकि मनोज कहता है कि अगर अभीर सच में चारू को पसंद करता है तो वह घर आ सकती है।

### माधुरी के गाने पर 9 आंटियों ने किया डांस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का हर कोई दीवाना है। वहीं, उनके गाने एक दो तीन से लेकर चने के खेत में को फैंस का खूब प्यार मिलता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के शो डांस दीवाने का है। वीडियो में नौ मांएं एक्ट्रेस को उनके अब तक फिल्मों में दिए किरदार को कॉपी करते हुए डांस परफॉर्मेंस देती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो को देखते ही



फैंस भी दिल हार बैठे हैं। वहीं फैंस शानदार कहते हुए नजर आ रहे हैं। कलर्स टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो शेयर किया गया था, जो कि एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के 57वें बर्थडे स्पेशल एपिसोड था। इसमें भारती सिंह को हंसी मजाक करते हुए देखा जा सकता है। जबकि माधुरी स्टेज पर आकर नौ माओं के साथ परफॉर्म करती हैं।

## वीकएंड पर 'ग्राउंड जीरो' ने हासिल की बढ़त, 'केसरी 2' ने लगाई छलांग

**मुंबई।** इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो'ने बॉक्स ऑफिस पर शनिवार को बढ़त हासिल की। बीएसएफ कमांडेंट नरेंद्र नाथ धर दुबे की कहानी कहती इस फिल्म को सोशल मीडिया पर भी काफी प्यार मिल रहा है। वहीं, अक्षय कुमार की 'केसरी 2' ने वीकएंड पर अच्छी बढ़त हासिल की है। सनी देओल की 'जाट'को भी छुट्टी का लाभ मिला है।



***ग्राउंड जीरो :*** ग्राउंड जीरो' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म की कहानी दुर्दांत आतंकवादी 'गाजी बाबा' के खात्मे की कहानी दिखाती है। पहले दिन इसने महज 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। शनिवार को इसने 1.9 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म की दो दिनों में कुल कमाई 3.05 करोड़ रुपए हो गई है। फिल्म में इमरान हाशमी के अलावा साई तम्हणकर, जोया हुसैन, मुकेश तिवारी, रॉकी रैना और गुनीत सिंह जैसे कलाकार भी शामिल हैं।

***केसरी 2 :*** अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 'केसरी 2' ने शनिवार को एक अच्छी बढ़त हासिल की। बॉक्स ऑफिस से इसने सात करोड़ रुपये बटोरें। शुक्रवार को इसने 50 करोड़ का आंकड़ा छू लिया था। 'केसरी 2' ने ओपनिंग डे पर 7.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। पहले सप्ताह में इसने 46.1 करोड़ तक का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते के पहले दिन यानी शुक्रवार को 4.42 करोड़ की कमाई करते हुए इसने 50.52 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। अब शनिवार को आए उछाल की बदौलत इसने 57.15 करोड़ रुपए बटोरे हैं। फिल्म का बजट लगभग 150 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

***जाट :*** सनी देओल की 'जाट'ने भी शनिवार को कमाई में बढ़त हासिल की। फिल्म ने 1.36 करोड़ रुपये बॉक्स ऑफिस से जोड़े। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कमाई लाख के आंकड़े में थी। हालांकि सनी देओल की 'जाट' को रिलीज हुए 17 दिन हो गए। फिल्म अब तक 100 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है।

## इस वजह से साथी कलाकार को मौसमी चटर्जी ने मारा था थप्पड़, हाथ से निकलीं कई फिल्में...

**नई दिल्ली।** मौसमी चटर्जी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह हमेशा मुखर रहीं और किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करती हैं। अगर कोई पुरुष कलाकार सीमा लांघता तो वह उस पर भड़क जाती थीं। बात हद से ज्यादा बढ़ जाती थी तो वह थप्पड़ तक मार देती थीं। हालांकि, अपनी बेबाकी के लिए उन्हें नुकसान भी उठाना पड़ा। हाल ही में अभिनेत्री ने इस बारे में बात की। उन्होंने बताया बेबाक होने की वजह से उनके हाथ से कई फिल्में निकल गईं।

### पुरुष करते थे फ्लर्ट

सुभाष के झा के साथ बातचीत में मौसमी चटर्जी ने बताया कि वह हद से ज्यादा बढ़ने वाले अभिनेता को थप्पड़ मार चुकी हैं। उन्होंने कहा 'वह इसी के लायक थे। वह सेक्सीस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोष नहीं देती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो-हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही करें। यही तरीका था, जो वे जानते थे। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को उनकी मां लाड़-प्यार करके बड़ा करती हैं, फिर उनकी पत्नियां और बहनें भी उन्हें लाड़-प्यार करती हैं।'



### बड़े कलाकारों के साथ किया काम

आपको बता दें कि मौसमी चटर्जी ने साल 1967 में 'बालिका वधू' फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह 'अनुराग' में नजर आईं। मौसमी ने अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना, राजेश खन्ना जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया।

### हाथ से निकल गए कई रोल

*मौसमी चटर्जी ने बताया कि समझौता न करने की वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ा। उनसे पूछा गया कि फिल्म 'कोशिश' में उनकी जगह पर जया बच्चन को क्यों लिया गया? इस पर उन्होंने कहा 'इसकी वजह यह थी कि मैं अपनी गरिमा से समझौता नहीं करती, चाहे कुछ भी हो। वह बीते वक्त की बात है। बाद में गुलजार और मेरे बीच सुलह हो गई थी। कई साल बाद 'अंगूर' में साथ काम किया। हरिभाई (संजीव कुमार) 'कोशिश' और 'अंगूर' में भी मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए थे, क्योंकि मैं किसी के अहंकार को संतुष्ट नहीं कर सकती।'*

### बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की दी है प्रेरणा

# इन फिल्मों को देखकर लोगों को मिला अपराध का आइडिया

***नई दिल्ली।*** *एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखे से एक बड़ी कंपनी में नौकरी पाने में कामयाब हो गया। वर्चुअल इंटरव्यू में किसी और को अपनी जगह बैठाकर उसने नौकरी तो पा ली, लेकिन कुछ समय बाद ही उसका भांडा फूट गया। यह कहानी फिल्म ड्रैगन जैसी लगती है, लेकिन आपसे कहा जाए कि असल जीवन में ऐसी घटना हो चुकी है तो आप क्या कहेंगे? तेलंगाना के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर रापा साई प्रशांत को इस फिल्म ने इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा ही करने की ठान ली। हालांकि, उसका यह कारनामा 15 दिनों में कंपनी के सामने आ गया। दरअसल, कंपनी में काम शुरू करने के बाद सहकर्मियों को शक हुआ, क्योंकि प्रशांत की आवाज इंटरव्यू वाले व्यक्ति से अलग थी। इंटरव्यू में वह धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहा था, लेकिन ऑफिस में उसे बेसिक बातचीत में भी दिक्कत हो रही थी। कंपनी के एचआर विभाग ने जांच शुरू की और वर्चुअल इंटरव्यू के स्क्रीनशॉट को प्रशांत की असली तस्वीरों से मिलाया। तब पता चला कि इंटरव्यू में कोई और था। इस मामले में युवक पर केस दर्ज हो चुका है। प्रशांत का यह कारनामा अकेला नहीं है। बॉलीवुड की कई फिल्मों ने लोगों को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी है। आइए, उन फिल्मों और उनसे जुड़ी वास्तविक घटनाओं को विस्तार से जानते हैं।*

**डर :** इस फिल्म में शाहरुख खान एक सनकी प्रेमी, राहुल मेहरा, की भूमिका में नजर आए थे, जो अपने एकतरफा प्यार को पाने के लिए किरण (जूही चावला) का पीछा करता है। वह न केवल उसका अपहरण करने की कोशिश करता है, बल्कि हिंसा और धमकियों का सहारा लेता है। इस किरदार की सनक ने दिल्ली के एक युवक को इतना प्रभावित किया कि उसने वास्तविक जीवन में ऐसा करना शुरू कर दिया। उसने स्नैपडील में काम करने वाली एक लड़की का एक साल तक पीछा किया। वह उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता था। आखिरकार, उसने लड़की का अपहरण करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे समय रहते पकड़ लिया।



**हिंदी मीडियम :** इरफान खान की इस फिल्म में एक परिवार अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए अपनी आर्थिक स्थिति को झूठा दिखाता है। 2013 में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां एक परिवार ने फर्जी आय प्रमाण पत्र बनवाया। उन्होंने दिखाया कि वे झुग्गी में रहते हैं और उनकी सालाना आय 67 हजार रुपये है, जबकि हकीकत में वे करोड़ों कमा रहे थे।



**स्पेशल 26 :** अक्षय कुमार की यह फिल्म 1987 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जहां नकली सीबीआई अधिकारी बनकर एक व्यापारी से 35 लाख रुपए लूटे गए। फिल्म रिलीज के बाद मुंबई में 2013 में एक ऐसा ही मामला सामने आया। कुछ लोग नकली अधिकारी बनकर कारोबारियों पर छापे मारकर 21 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।






**धूम :** इस एक्शन फिल्म ने सुपरबाइक्स को भारत में लोकप्रिय बनाया। हालांकि, फिल्म में जॉन अब्राहम और उनके गिरोह द्वारा कसीनो की दीवार तोड़कर लूट का दृश्य कई अपराधियों को भा गया। केरल में एक गिरोह ने शोरूम की दीवार तोड़कर 8 करोड़ रुपए की चोरी की जो धूम की शैली से मिलती-जुलती थी।

***बंटी और बबली :*** *अभिषेक बच्चन और रानी मुखर्जी की यह फिल्म दो ठगों की कहानी है, जो चालाकी से लोगों को लूटकर ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं। इस फिल्म से प्रेरित होकर दिल्ली में एक जोड़े ने 2013 में ठगी का धंधा शुरू किया। वे लोगों को बेवकूफ बनाकर पैसे लूटते और फरार हो जाते। पुलिस ने उन्हें पकड़ा तो उन्होंने बंटी और बबली से प्रेरणा लेने की बात कबूली।*



***दृश्यम :*** *अजय देवगन की यह थ्रिलर फिल्म एक ऐसी कहानी है, जहां एक आम आदमी अपनी बेटी और पत्नी द्वारा की गई हत्या को चतुराई से छिपाता है। उसकी योजना इतनी सटीक है कि पुलिस को भनक तक नहीं लगती। इंदौर में एक राजनेता ने इस फिल्म की नकल करने की कोशिश की। उसने एक लड़की की हत्या की और पुलिस को चकमा देने के लिए अपने घर के पीछे एक कुत्ते के बच्चे को मारकर सबूत छिपाने की कोशिश की। लेकिन, उसका अपराध जांच में सामने आ गया।*



## खबर संक्षेप

### किसान दंपती ने शुरू की सेब की खेती, बनी चर्चा का विषय



**मल्हार।** जहां एक ओर छत्तीसगढ़ को पारंपरिक फसलों के लिए जाना जाता है, वहीं अब यहां के किसान नवाचार की दिशा में भी उल्लेखनीय कदम उठा रहे हैं। बिलासपुर जिले के मल्हार क्षेत्र में रहने वाले किसान जदुनंदन प्रसाद वर्मा और उनकी पत्नी दिव्या देवी वर्मा ने सेब की खेती शुरू कर एक नई मिसाल कायम की है। इससे पहले इन्होंने जैविक पद्धति से 5 रंग के फूलगोभी उगाकर लोगों को चौंका दिया था। इसके अलावा इन्होंने कई तरह के नवाचार कर अन्य किसानों को प्रेरित भी किया था। बीते कुछ वर्षों से जैविक खेती और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग पर बल दे रहे इस दंपती ने सेब जैसे शीतप्रदेशीय फल को छत्तीसगढ़ की धरती पर उगाकर यह सिद्ध कर दिया है कि इच्छाशक्ति, सतत परिश्रम और सही तकनीक से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। किसान जदुनंदन वर्मा ने बताया कि यह प्रयोग शुरुआत में चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमने हार नहीं मानी। हम दोनों ने मिलकर न सिर्फ सेब के पौधों की देख रेख की, बल्कि तापमान, नमी और पोषण का भी ध्यान रखा। आज उनके बाग में सेव के पेड़ फल दे रहे हैं, जिससे अन्य किसान भी प्रेरणा ले रहे हैं। इस नवाचार का लाभ न केवल उनके परिवार को मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में उन्नत बागवानी की संभावना को बल मिलेगा। कृषि विभाग भी उनके इस प्रयास की सराहना कर रहा है।

### अग्निवीर बनकर बलराम ने बढ़ाया परिवार और गांव का मान



**सरगांव।** निकटवर्ती ग्राम मदकू के युवा बलराम कुर्रे ने अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में चयनित होकर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। बलराम स्व रतन कुर्रे और हिरमत के पुत्र हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद बलराम कुर्रे ने यह उपलब्धि हासिल की है। बलराम ने अपनी स्कूली शिक्षा शासकीय विद्यालय मदकू से पूरी की एवं वर्तमान में संत रविदास महाविद्यालय सरगांव में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र हैं। बलराम स्कूल की ओर से राज्य स्तरीय नेटबॉल खिलाड़ी भी रहे हैं, वहीं उसका छोटा भाई कृष्णा कुर्रे राष्ट्रीय स्तर पर नेटबॉल में प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुका है। बलराम का सपना शुरू से भारतीय सेना में सेवा करने का था। बलराम ने बताया कि गांव के अन्य युवा भी अग्निवीर बनने के लिए तैयारी कर रहे हैं, लेकिन स्कूल के मैदान की खराब स्थिति और संसाधनों की कमी के कारण वे कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। बलराम ने मदकू स्कूल के मैदान की मरम्मत और खेल संसाधनों की व्यवस्था करने की शासन से अपील की है, ताकि गांव से और भी युवा देश सेवा में आगे बढ़ सकें।

### श्रम कार्ड बनने पर ग्रामीणों ने प्रशासन का जताया आभार




**लोरमी।** ग्राम अखरार के नंद कुमारी एवं राजकुमार बंजारे की ओर से श्रम कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन दिया गया था, जिसका शीघ्र निराकरण करते हुए उन्हें श्रम कार्ड उपलब्ध कराया गया। श्रम कार्ड प्राप्त करने पर दोनों आवेदकों ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें विभिन्न श्रमिक योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार में प्राप्त हर आवेदन का समाधान गुणवत्ता के साथ एवं तय समय अवधि में किया जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को त्वरित और प्रभावी सेवा मिल सके। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना है, जिसे लेकर जिले भर में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

### सेजेस करगीकला में गृह परीक्षा का परिणाम घोषित



**बिलासपुर।** कोटा सेजेस अंग्रेजी माध्यम करगीकला में कक्षा 1 ली से 11वीं तक के सभी गृह परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। जिनमें हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक, शिक्षका एवं प्राचार्य तथा बहुतायत मात्रा में पालक उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम 1 ली से 4थी, एवं 6वीं, 7वीं एवं 11वीं शत प्रतिशत रहा। इसमें कक्षा 1 ली में अक्षय कुर्रे 96.7% कक्षा 2री में प्रत्यक्ष गेंदले 99.9% कक्षा उरी अखिल यादव 82.4% कक्षा 4थी तुमंग साहू 98% कक्षा 6 वीं मनजीत तिवारी 85% कक्षा 7वीं जान्वी साहू 92% कक्षा 9वीं तमन्ना साहू 83.5% कक्षा 11वीं पायल सोनी 85.2% अर्जित कर प्रथम स्थान पर रहे। उपप्राचार्य किशोरी केरकेट्टा एवं वरिष्ठ व्याख्याता अश्विनी पांडेय ने छात्र/छात्राओं को शुभकामना देते हुए लक्ष्य निर्धारण का संदेश दिया। पालक वर्ग से श्री आनंद बिहारी सोनी ने शालेय क्रियाकलाप, अध्यापन एवं अनुशासन की सराहना करते हुये प्राचार्य पार्वती चेल्से को उत्कृष्ट शाला प्रबंधन एवं परीक्षा परिणाम के लिये बधाई दी। अंत में शाला की प्राचार्य पार्वती चेल्से ने सभी बच्चों उत्साहवर्धन किया।

## मौसम का मिजाज बदलने से मिली गर्मी से राहत

# आसमान में छाए बादल, रुक-रुककर बरसे बदरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



तेज हवाओं के साथ बारिश।

रविवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया, सुबह से ही बादल छाए रहे एवं रूक-रूक कर बारिश होती रही, जिससे लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। लेकिन मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन के चलते लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, अप्रैल माह में कभी तेज गर्मी तो कभी बारिश की वजह से पिछले एक सप्ताह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

शनिवार को शाम से बादल छाए रहने एवं अगले दिन सुबह-सुबह बारिश होने से मौसम सर्द हो गया। शाम को एकाएक तेज हवाओं एवं आंधी-तूफान के साथ बारिश होने से सामान्य जन जीवन भी प्रभावित हुआ। साथ ही आगे भी मौसम में बदलाव होते रहने की चेतावनी दी गई है। रविवार को गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई एवं आकाशीय बिजली का कहर बना रहा। बढ़ती गर्मी से लोगों का दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया था, तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। लोग आवश्यक काम आ जाने पर बाहर निकलते तो गमछे से सिर व चेहरे को ढंककर ही निकलते थे। वहीं पिछले तीन-चार दिनों से अचानक मौसम ने करवट ली। आसमान में घने बादल छा जाते है एवं तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हो जाती है।

कल सुबह 7 बजे के बाद बूंदाबांदी एवं बारिश के चलते धरती की तपिश ठंडा रही एवं बारिश के चलते वैवाहिक समारोह वाले परिवारों को दिक्कतों का सामना करना पड़। बेमौसम हो रही बारिश से बारातियों व रिश्तेदारों के लिए अफरातफरी के माहौल में विशेष इंतजाम करने पड़े। बिजली पूर्ति व्यवस्था रही बाधित- आंधी तथा बेमौसम बारिश से शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बाधित रही, कई इलाकों में देर रात तक आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। हालांकि सुधार के बाद शहर सहित अनेक इलाकों में बिजली आपुर्ति व्यवस्था बहाल कर ली गई। त

`ज हवा व आंधी से अनेक स्थानों पर विद्युत तार टूट गए, जिससे विद्युत वितरण विभाग के कर्मियों को फाल्ट ढूंढ़ने व सुधार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शहर सहित सब स्टेशन भी प्रभावित हुए। बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि राधा टाकीज के पास फाल्ट आ जाने के चलते बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई थी, जिसे ठीक कर लिया गया है।

### बारिश ने लोगों को दी भीषण गर्मी से राहत

**तखतपुर।** रविवार शाम आंधी तूफान एवं हल्की बारिश से मौसम में थोड़ी ठंडक देखी गई, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है, गर्मी इतनी है कि पंखे, कूलर बेअसर होते जा रहे हैं। सुबह 9 बजे से लू के थपेड़े चलने शुरू हो जाते हैं एवं शाम 6 बजे तक भारी गर्मी महसूस होती रहती है। दोपहर भर सड़कें सूनी रहती हैं, लोग घर से तभी बाहर निकलते हैं जब अति आवश्यक काम होते हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कल शाम को जोर की आंधी और तेज हवा के साथ हल्की बारिश भी हुई, जिसका असर यह हुआ कि मौसम में थोड़ी ठंडकता महसूस की गई। इससे लोगों ने थोड़ी राहत की सास ली।





पीएम मोदी के मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी की 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

मल्हार भाजपा मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 121 वीं कड़ी को कार्यकर्ताओं ने रविवार को सुना।

■ ग्रामीण बोले शिक्षाप्रद होता है मन की बात का हर एक एपिसोड

प्रधानमंत्री ने मन की बात में पहलगाम आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी हालत में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा, आतंकियों ने भारत की आत्मा पर प्रहार किया है। आतंकवाद के खिलाफ देश की एकता एकजुटता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसके अलावा उन्होंने साइंस, एजुकेशन व भारत के स्पेस प्रोग्राम को ऊंचाई देने वाले डॉ के कस्तूरीरंगन को याद किया। पीएम ने ऑपरेशन ब्रम्हा में भाग लेने वाले सभी लोगों पर गर्व होने की बात कही। उन्होंने युवाओं में साइंस व इनोवेशन के प्रति आकर्षण को भारत के लिए उत्कृष्ट बताया। इसके अलावा पीएम ने अन्य कई विभिन्न विषयों पर प्रेरणादायक बात कही। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात का हर एक एपिसोड बहुत ही शिक्षाप्रद होता है, इसलिए इस कार्यक्रम का इंतजार प्रत्येक रविवार को रहता है। इस अवसर पर नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, पूर्व महामंत्री राजकुमार वर्मा, बूथ अध्यक्ष समशेर सिंह, पार्षद आशुतोष वर्मा, संतोष वर्मा, जयप्रकाश, राजेश कश्यप सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



### नपा अध्यक्ष मक्कड़ ने किया नाली निर्माण का भूमिपूजन

**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 5 में टोनही डबरी तालाब मार्ग से आजाद नगर मुख्य चौक तक 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली नाली का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ ने किया। इस अवसर पर पूजा मक्कड़ ने कहा कि जो संकल्प हमने नगर विकास के लिए लिया था उसको पूरा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। नाली निर्माण से जल निकासी मे सुविधा होती है तथा सड़कों की स्थिति भी बेहतर होती है। वार्ड पार्षद सुनील जांगड़े ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आत्मजीत मक्कड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष गौरी देवांगन, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजय देवांगन, सभापति मुन्ना श्रीवास, सभापति परमजीत हरविंदर हूरा, सभापति सुनील जांगड़े नगर कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी देवांगन, सभापति शैलेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चन्द्रप्रकाश देवांगन, अभिषेक पाण्डेय, संजय गुप्ता, करीम कुरैशी, सुनीता बंजारे दीपक ठाकुर, दीपक लहरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने शुरू की गांव को नशामुक्त बनाने की मुहिम

**सीपत।** कारिछापर, जुहली, मड़ई के बाद अब गुड़ी गांव की महिलाएं नशे के खिलाफ लामबंद हो रही हैं। गांवों को नशामुक्त बनाने टीआई की जनचौपाल का प्रभाव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने महिलाएं इस मुहिम को चलाने आगे आ रही हैं। ग्राम गुड़ी को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से रविवार को गांव में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें सरपंच, पंच नागरिक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

■ महिलाएं, युवा समाज मे ला सकते हैं सुधार : टीआई सतपथी

सरपंच दुर्गा साहू ने कहा कि कच्ची महुआ शराब की बिक्री यहां चरम पर है, जिसके चलते गांव के कई नौजवानों को अपनी जान गवांनी पड़ी। इससे युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे है, किसी भी मोहल्लों या घर में शराब बिक्री की जानकारी मिले तो इसकी शिकायत जरूर करें। हम सभी एकजुट होकर ग्राम को नशामुक्त बनाएंगे। टीआई गोपाल सतपथी ने ग्रामीणों से कहा कि नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसके कारण कई परिवार आर्थिक संकट, स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक तिरस्कार का सामना करते हैं। भारत मे छग शराब के मामले में सबसे अग्रणी है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने ग्रामीणों को कारिछापर, जुहली गांव का उदाहरण देते हुए बताया कि इन गांवों से दस सालों से थाने में कोई शिकायत नहीं आई, इसी कारण गांव में एकजुटता के साथ शांति का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने स्वसहायता समूह की महिलाओं व युवाओं को एकजुट होकर इस मुहिम में आगे आने कहा। उन्होंने आगे कहा कि यदि आप हिम्मत के साथइस मुहिम को चलाएंगे तो पुलिस निश्चित ही आपका सहयोग करेगी। उन्होंने अवैध महुआ शराब बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

इस अवसर पर उपसरपंच विजय लास्कर, रामशरण गुप्ता, प्रेमलता साहू, जमुनाबाई, दीपक सिंह क्षत्रीय, केतकी राजहंस, युवराज सिंह, हीरालाल, श्रवण बिंझवार, विजयलक्ष्मी, रामप्रसाद, गीताबाई, रेवती, पूजा लोनिया, सुरेश यादव, बिंदराम साहू, मनोज बिंझवार, नंदनी साहू, हीरामणि सूर्यवंशी, पार्वती साहू, जेठिया बिंझवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रायपुर में मनेगी जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती, गोस्वामी समाज ने शुरू की तैयारी

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज की ओर से आदि जगद्गुरु शंकराचार्य का जयंती समारोह 4 मई रविवार को शहीद स्मारक भवन रायपुर में धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र के गोस्वामी समाज के लोग कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रांताध्यक्ष मोहन पुरी, सह अध्यक्ष योगेन्द्र पुरी, प्रांतीय महासचिव डॉ. संजय गोस्वामी, संरक्षक लिल्लार पुरी, चित्रसेन गिरि, कुबेर प्रकाश गिरि कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन, रायपुर जिला अध्यक्ष वेदपुरी सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में बसे समाज के बंधु कार्यक्रम को संपन्न कराने में लगे हुए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव रहेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि महंत विवेक गिरि महाराज गौरकापा, रामसुंदर दास महाराज दुधाधारी मठ रायपुर, मीनल चौबे महापौर रायपुर व सच्चिदानंद गिरि होंगे। इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रांतीय महासचिव डॉ संजय गिरि गोस्वामी ने दी।

### मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में शामिल होंगे डॉ रमन

**लोरमी।** राजपूत क्षत्रिय समाज के परिक्षेत्र के अध्यक्ष कपिल सिंह व समाज के वरिष्ठजनों ने विधायक व डिप्टी सीएम अरुण साव की अगुआई में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की एवं उन्हें ग्राम पंचायत सुकली में आयजित महाराणा प्रताप की विशाल मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। इस पर डॉ रमन सिंह ने महाराणा प्रताप मूर्ति अनावरण के लिए 11 मई को सुकली आने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तितरा सिंह, विक्रम सिंह, मनमोहन सिंह, जेठू सिंह, रोशन सिंह, रामनिवास सिंह फौजी, नोहर सिंह, रामनिवास सिंह, घंसु सिंह, भूपेंद्र सिंह, गेंदराम सिंह एवं युगल किशोर सिंह मौजूद रहे।

## निधन

### सुधीर जोशी



बिलासपुर। जरौंधा स्कूल तखतपुर में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ नगोई निवासी सुधीर जोशी का 27 अप्रैल को निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम नगोई में किया गया। वे स्व. सुभाष चंद्र जोशी के पुत्र, पार्थ एवं प्रियल के पिता थे।

### कमला बाई मेश्राम



बिलासपुर। पंचशील नगर तिफरा निवासी कमला बाई मेश्राम का निधन हो गया। वे 86 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 28 अप्रैल सोमवार को सुबह 10 बजे उनके निवास से तिफरा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दिलीप मेश्राम, राजेन्द्र मेश्राम, इंदु, श्यामा, सिंदू एवं महेन्द्र मेश्राम की मां थीं।

### वीनू चौधरी



मुंगेली। मिशन कम्पाउंड निवासी वीनू चौधरी पिता स्व डेनियल चौधरी उम्र 72 वर्ष का 26 अप्रैल को निधन हो गया। वे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल दाऊपारा के रिटायर्ड साइंस के शिक्षक थे। उनका अंतिम संस्कार मसीही कब्रिस्तान में 27 अप्रैल रविवार को किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से विकसित भारत की परिकल्पना होगी साकारः मरपच्ची



**गौरेला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी जब हम चुनावी खर्चों में कमी ला सकेंगे, जब देश पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा तब हम विकास की नई गाथा लिख सकते है। इससे देश को चुनाव के भारी खर्चों से निजात मिलेगी।

उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर आयोजित संगोष्ठी एवं कार्यशाला में मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने कही। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष लाल जी यादव, कार्यक्रम संयोजक बृजलाल सिंह राठौर, ओंकार सिंह ओट्टी, मथुरा सोनी आदि नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन किशन सिंह एवं आभार मुकेश दुबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, जनपद अध्यक्ष शिवनाथ बघेल, राकेश दीक्षित, कैलाश सोनी, दयाचंद पोर्ते, तापस शर्मा, जीवन सिंह राठौर, राजकुमार रोहणी, अजय तिवारी, रमेश तिवारी, कमलेश यादव, अजय रजक, हेमचंद मरावी, रानू नामदेव, रमा राठौर, मनोरमा गुप्ता, राखी सिंह गहलोत, दुर्गा कोल, माधवी बाई, गीतांजलि मरावी, किशमिश भानू, मनीषा सेंद्राम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 10 शिक्षकों को दिया गया एफएलएन वॉरियर्स सम्मान



**रतनपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन के तहत, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन आधारित कक्षा अध्यापन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने हेतु डाइट पेंड्रा ने अपने आश्रित जिलों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत विद्यालयों में प्रभावी रूप से अध्यापन कार्य कर रहे शिक्षकों को एफएलएन वॉरियर सम्मान हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए।

चैलेंज स्वीकार करने वाले विद्यालयों की कक्षाओं का ऑनलाइन आंकलन किया गया। निर्धारित मानदंडों के आधार पर चयनित विद्यालयों का राज्य स्तर पर ऑफलाइन आकलन भी डाइट पेंड्रा की टीम द्वारा किया गया। आंकलन टीम में डाइट के एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी विकास कुमार वर्मा के निर्देशन में बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, सीएसी, एसआरजी एवं डाइट के जिला एवं विकासखंड प्रभारी सम्मिलित थे। राज्य स्तरीय मूल्यांकन के बाद 10 शिक्षकों का चयन हुआ, जिनमें बिलासपुर जिले से कलेश्वर साहू, अनिरुद्ध कुमार देवांगन, तृप्ति यादव, दिनेश प्रसाद चतुर्वेदी, प्रियंका केशरवानी एवं मुंगेली जिले से देवप्रसाद पात्रे, स्नेहा सिंह परिहार व जीपीएम जिले से गीता नागवंशी, विजय साहू, गीतांजलि सिंह ठाकुर शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में कक्षा के 100 प्रतिशत बच्चों को भाषा एवं गणित के लर्निंग आउटकम्स प्राप्त कराने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसी उपलब्धि के लिए राज्य स्तर पर उन्हें एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के अतिरिक्त संचालक डॉ योगेश शिवहरे एवं उपसंचालक आशुतोष चावरे उपस्थित रहे। साथ ही एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी रायपुर सुनील मिश्रा, डीईओ, बीईओ एवं एलएलएफ प्रतिनिधि तथा डाइट पेंड्रा के एफएलएन प्रकोष्ठ प्रभारी विकास कुमार वर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार मरवाही जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

**उद्घोषणा**

क्रमांक क/ /तह./रीडर-1/2025-29
मरवाही दिनांक 16.04.2025
राजस्व प्रकरण क्रमांक .../ब-121/2025
ग्राम लोहारी, तहसील मरवाही
जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश पाव पिता रामप्यारे निवासी ग्राम लोहारी तहसील मरवाही जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. ने इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक पुत्री दिव्या पाव पिता सुरेश पाव, की जन्म दिनांक 07.07.2007 को ग्राम लोहारी में हुई है। जिसे जन्म प्रमाण पत्र के संबंध में आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित में दिनांक 30.04.25 तक या उसके पूर्व उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा- आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 16.04.2025 को ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मरवाही**

## मनियारी नदी में युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी



**लोरमी।** ग्राम डोंगरिया की मनियारी नदी में एक युवक की लाश मिलने का क्षेत्र में हडकंप मच गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल रविवार की सुबह 11 बजे ग्राम डोंगरिया के कोटवार ने थाने में सूचना दी कि एक अज्ञात युवक की लाश लावारिस हालत में मनियारी नदी में पड़ी है। पुलिस की टीम ने तत्काल घटना स्थल पहुंची एवं लाश की शिनाख्त शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि रविवार की सुबह 6 बजे ग्राम हरदीबांध के गणेश राम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पुत्र पुनीत राम साहू 36 वर्ष शनिवार सुबह से घर से लापता है। पुलिस ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए परिजनों के बुलाकर लाश की शिनाख्त करवाई। इसके बाद शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में जुट गयी है।



27 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/28/2025 12:20 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### शहडोल में आरपीएफ श्वान दस्ता तैनात

**बिलासपुर।** दपूमरे मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा श्वान दस्ता की तैनाती कर स्टेशन प्लेटफार्म और यात्री गाड़ियों की श्वानों से नियमित चेकिंग की जा रही है। इसके तहत शहडोल स्टेशन की सुरक्षा को प्रभावशाली बनाने आरपीएफ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्टेशन परिसर में श्वान दस्ते डॉग स्क्वायड की तैनाती की गई है, जिसका शुभारंभ जोन के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने किया है।

### रेलकर्मियों की शिकायतों का किया गया निराकरण

**बिलासपुर।** मंडल प्रशासन रेल कर्मचारियों के हितों उन्हें स्वस्थ कार्यालयीन वातावरण प्रदान करने, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण व उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नियमित रूप से कर रहा है। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशयनों द्वारा जांच की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के 246 कर्मचारियों एवं उनके परिजन ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

### युवती के हाथ से मोबाइल लूटकर भागे बाइकर्स

**बिलासपुर।** युवती से मोबाइल लूटकर बाइक सवार दो युवक भाग गए। पुलिस पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदुदण्ड तुलजा भवानी मंदिर के पास रहने वाली सुष्मिता बाई पिता भागवत राम 27 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे रेस्टोरेंट से काम करने के बाद घर के पास पहुंची और अपनी छोटी बहन से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और उनके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकले। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दुकानदारों ने जमकर विरोध किया, देर शाम तक चलती रही कार्रवाई

# हाईटेक बस स्टैंड में निगम का बड़ा अभियान, 43 दुकानों को तोड़ा


हाईटेक बस स्टैण्ड के पास अवैध कब्जा वाली दुकानों को हटाने की कार्रवाई करते निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईटेक बस स्टैंड की अधिकांश दुकानों पर अवैध कब्जा हो गया है। इन दुकानों में ट्रेवल्स संचालकों ने कब्जा जमा लिया है। वे यहीं से अपनी बसों का संचालन कर रहे हैं। 9 करोड़ की लागत से बने इस बस स्टैंड की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। पक्की दुकानों के साथ ही यहां होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले खुल गए हैं।

- होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले खुल गए थे

निगम की टीम ने रविवार को यहां अभियान चलाया और 43 कच्ची और पक्की दुकानों को तोड़ डाला। इसके साथ ही अवैध कब्जे खाली कराए गए। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर विरोध किया और निगम की टीम को रोकने की कोशिश की।

कई बार झूमाझटकी और हाथापाई की भी नौबत आई। देर शाम तक निगम ने पूरे कब्जे हटाते हुए सफाई अभियान चलाया। 9 करोड़ की लागत से बने इस हाईटेक स्टैंड में करीब 27 दुकानों पर ट्रेवल्स संचालकों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा बस स्टैंड परिसर के अंदर से लेकर बाहर तक 50 से अधिक छोटे बड़ी दुकानें खुल गईं हैं। इसमें होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले हैं। इसके साथ ही सैलून, फोटो कापी की दुकानें भी हैं।

इन कब्जों के कारण हाइटेक बस स्टैंड परिसर में जगह तक नहीं बची है। इसके साथ ही जिस प्रवेश द्वार से बसें अंदर जाती हैं वहां से लेकर काम्प्लेक्स तक दोनों तरफ भी दुकानें चल रही हैं। इसके कारण कई बार परेशानी होने के साथ ही दुर्घटना की भी आशंका रहती है। निगम ने रविवार को यहां कब्जा हटाओ अभियान चलाया और 43 दुकानों को तोड़ा।

### कब्जे के कारण सफाई नहीं, गंदगी हर तरफ

कई बार नोटिस के बाद भी कब्जा खाली नहीं किया गया था। इस कारण सफाई पर भी असर पड़ रहा था। रखरखाव और निगरानी के अभाव में बस स्टैंड पर पसरे कब्जे के कारण आम जनता को खासी होती थी। न सिर्फ आने-जाने बल्कि यहां प्रतीक्षालय जैसे स्थानों पर कब्जे होने के कारण गंदगी फैली देखी जा सकती है। कब्जाधारियों तथा परिसर में अवैध रूप से ठेला गुमटी संचालित करने वाले कारोबारियों को निगम की कोई परवाह नहीं थी। इसके साथ ही निगम ने मगरपारा से लेकर भारतीय नगर में कब्जा हटाने की कार्रवाई की। सड़क के दोनों तरफ सामान रखने वाले, शेड निकालने वाले दुकानदारों को चेतावनी देने के साथ जब्ती की गई।

### नाम पट्टिका के साथ चेंबर भी

बस स्टैंड की दुकानों में ट्रेवल्स संचालकों के साथ ही दूसरे लोगों ने कब्जा जमा रखा है। इन दुकानों को बस संचालकों ने दफ्तर बना लिया है। बाहर में बकायदा इनके नाम अंकित हैं, जिनमें ट्रेवल्स का नाम लिखा गया है। कई दुकानों का उपयोग गोदाम के तौर पर भी किया जा रहा है। इनमें टायर, बसों के मोटर पाट्‌र्स इत्यादि सामान रखे गए हैं। इनमें एटीएम, लिफ्ट, रेस्ट हाउस, झूलाघर, एयर टिकट, रेलवे टिकट, पोस्ट आफिस बनाने की योजना बनाई थी जो कि कब्जों के कारण अधूरीं थीं। कई बार निगम ने इन्हें नोटिस दिया लेकिन जगह खाली नहीं किया गया। इन्हीं लोगों ने परिसर के अंदर भी छोटी दुकानें खोल लीं थीं और किराया वसूल रहे थे।

# बुजुर्ग को जबरिया जमीन खाली करने व जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुजुर्ग को जबरिया जमीन खाली करने व जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, इंदू चौक निवासी बुजूर्ग महेशचंद्र अग्रवाल ने रिपोर्ट लिखाई 6 जून 2011 को उन्होंने अपनी बहू खुशबू अग्रवाल के नाम से जरहाभाठा नजूल शीट नम्बर 4, प्लाट नम्बर 51/ 1, 52/ 1, 53/ 1 में से 3000 वर्गफीट को पंजीकृत इकरारनामा तैयार कराया है, जिसमें वर्तमान में वे काबिज हैं। उनके बगल का प्लाट अभय बरूआ पिता सुरेश बरूआ के नाम पर पंजीकृत है। 25 अप्रैल 2025 को दोपहर 3 बजे अभय बरूआ उनके घर आकर उनकी प्लाट खरीदने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि तुम उस जमीन को छोड़ दो। श्री अग्रवाल ने उन्हें जमीन के दस्तावेज दिखाए तो अभय बरूआ उत्तेजित होकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर कहा जमीन खाली कर दो नहीं जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अभय बरूआ के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पूर्व में भी हुआ था विवाद

पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड की एक दुकान में कब्जा को लेकर अभय बरूआ एवं उसके साथियों ने दुकान संचालक के साथ जमकर मारपीट की थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर विवाद शांत हुआ था। जिसका वीडियो जोरो से वायरल हुआ था। बाद में दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। वहीं अभय बरूआ के करीबी अकबर खान पर भी जमीन विवाद के कई शिकायतें थीं। पूर्व में जमीन में जबरिया कब्जा करने से हताश सरकण्डा के एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले में अकबर खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### टिकिट चेकिंग करते पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** काला कोट पहनकर सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर और एसी कोच में यात्रियों से टिकिट चेकिंग कर अवैध वसूली करने वाले आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात दुर्ग से छपरा जाने वाली 15160 सारनाथ एक्सप्रेस दुर्ग से रवाना होकर भिलाई पावर हाउस पहुंची थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने के बाद एक यात्री भिलाई पावर हाउस जलेबी चौक निवासी 36 वर्षीय हामीद हुसैन पिता अहमद हुसैन स्लीपर कोच में सवार हो गया। हामीद हुसैन काला कोट पहना हुआ था। इसका फायदा उठाकर उसने एम1, एम 2 के बाद स्लीपर कोच एस 1 और एस 2 में यात्रियों की टिकिट की जांच शुरू कर दी। इस दौरान उसने यात्रियों से पैसों की भी उगाही की। किसी यात्री ने इसकी सूचना ट्रेन में ड्यूटी कर रहे दुर्ग स्टाफ टीटीई रवि कुमार शर्मा पिता रमाकांत शर्मा को दी। सूचना मिलते ही टीटीई रविकुमार शर्मा ने तत्काल कंट्रोल को सूचित किया। कंट्रोल से जानकारी मिलते ही ट्रेन के स्लीपर और एसी कोच में स्कार्टिंग कर रहे जीआरपी स्टाफ ने टिकिट की जांच और अवैध वसूली करते हुए आरोपी हामीद हुसैन को पकड़ लिया। आरोपी को पकड़ने तक ट्रेन पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन तक पहुंच गई थी।

आरोपी युवक ने थाने में जमकर मचाया हंगामा

# सिविल लाइन थाना की गोपनीय एफआईआर की कापी लीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिविल लाइन थाना की अतिसंवेदनशील गोपनीय एफआईआर की कापी लीक होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। एसपी ने जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने सूचना लीक करने वालों की पतासाजी करने का आदेश दिया है। अधिकारी सूचना लीक करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच करने में जुटे हुए हैं।

शुक्रवार की रात सिविल लाइन थाने में धार्मिक भावनाओं के मामले एफआईआर दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर को सेंसिटिव में रखा गया था। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने मामला संवेदनशील बताते हुए मीडियों कर्मियों को जानकारी नहीं दी। मजेदारबात यह है कि उक्त मामले की एफआईआर लीक हो गई और सोशल मीडिया में वायरल हो गई। जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों को एफआईआर लीक होने पर जमकर फटकार लगाई और दो एडीशनल एसपी को सूचना लीक करने वालों की पतासाजी करने का आदेश दिया। इसके बाद थाने में पदस्थ एक-एक पुलिसकर्मियों को तलब कर उनके मोबाइल की जांच की गई है।

### दूसरे पक्ष के लोगों ने थाने में मचाया हंगामा

मजेदारबात यह है कि संवेदनशील एफआईआर की कापी आरोपी को भेज दिया गया था। एफआईआर होने की जानकारी होने के बाद उक्त युवक बड़ी संख्या में अपने संगठन के लोगों के साथ सिविल लाइन थाना पहुंच गया और एफआईआर को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया।

### चेन पुलिंग करते पकड़े गए दो व्यक्ति

**बिलासपुर।** ट्रेन में चेन पुलिंग कर यात्रियों को परेशान करने वाले दो व्यक्तियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 8 बजकर 45 मिनट पर 13425 मालदा टाउन से सूरत जाने वाली एक्सप्रेस बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। इस ट्रेन में एक व्यक्ति अपने परिजन को बिठाने के लिए सवार हो गया। सिग्नल होते ही ट्रेन रवाना होने लगी, जिसपर उक्त व्यक्ति ने अलार्म चेन पुलिंग कर दिया। इसी तरह पुरी से वलसाड़ जाने वाली 22910 पुरी-वलसाड़ में भी चेन पुलिंग करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया। इसके अलावा विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से सवार 4 और महिला कोच में सफर करने वाले तीन यात्री को पकड़ा गया है।




# फिर सूने मकान से 3 लाख के जेवर व नकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** लचर पुलिसिंग के चलते सकरी क्षेत्र अनकंट्रोल हो गया है। बेखौफ होकर चोर गिरोह क्षेत्र में आतंक मचा रहे है। एक बार फिर चोरों ने एक सूने मकान में धावा बोलकर 80 हजार रुपए नकद व जेवर सहित 3 लाख का सामान चोरी कर आसानी से भाग निकले और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।

- अमेरी चंदा कालोनी में हुई वारदात

खम्हरिया लौदा निवासी विक्रम जाटवर पिता स्व. भागवत प्रसाद जाटवर ने बताया, वे मस्तूरी ब्लाक लोहर्सी सोन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत हैं। वे परिवार के साथ अमेरी चंदा कालोनी में केडी बंजारे के मकान में किराए में रहते हैं। 15 अप्रैल को घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार सहित लड़की की शादी करने गृहग्राम खम्हरिया चले गए थे। 19 अप्रैल को श्री जाटवर अपने घर आए और गैस सिलेण्डर लेकर गृहग्राम लौट गए थे। 26 अप्रैल की शाम 6 बजे वापस घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो आलमारी में रखा 80 हजार रुपए नकद, सोने का झुमका, एक मनचली माला जिसमें 8 सोने के लाकेट लगा, एक बचकनी सोने का लाकेट, 4 जोड़ी पायल, हाफ करधन, चाबी छल्ला, बिछिया, लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, 5 चांदी के सिक्के चोरी हो गए थे। श्री जाटवर ने बताया, चोरों ने उनके मकान से 3 लाख का सामान चोरी किया है।



### 11 सूने मकानों में चोरी, नतीजा शून्य

लगातार सकरी क्षेत्र में चोर गिरोह आतंक मचाते हुए सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों आसमा सिटी के 8 सूने मकानों व सागर होम्स के 1, सम्बलपुर कन्हैया धाम के 1 और फिर अमेरी चंदा कालोनी के एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस एक भी मामले में चोरों का सुराग तक नहीं लगा पाई है।

